न्यायिक अधिकारी के निरीक्षण में रैन बसेरे की खुली पोल, जरूरतमंदों की जगह दुकानदारों का कब्जा मिला

- सचिव एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजीत कुड़ी ने कहा संचालक का लाइसेंस निरस्त करने की होगी कार्रवाई
- नए न्यायालय भवन का किया निरीक्षण और लोक अदालत की तैयारियों की भी ली समीक्षा, अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश।

सत्र न्यायाधीश अजीत कुड़ी ने कोटकासिम का औचक निरीक्षण कर रैन बसेरे की व्यवस्थाओं की जांच की।

किशनगढ़ बास। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजीत कुड़ी ने गुरुवार को कोटकासिम का औचक दौरा कर प्रशासनिक व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र व्यास के निर्देशों पर किए गए इस दौरे में रैन बसेरे से लेकर नए न्यायालय भवन तक हर जगह खामियां सामने आने पर कहा रेन बसेरा संचालक पर लाइसेंस निरस्त कराने होगी कार्रवाई । कोटकासिम निरीक्षण पर पहुंचे सचिव अजीत कुडी ने सबसे पहले न्यायालय परिसर के समीप स्थित रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जो तस्वीर मिली वो बेहद गंभीर थी। रैन बसेरा जरूरतमंद और असहाय यात्रियों के लिए बना था, लेकिन यहां स्थानीय दुकानदारों का कब्जा मिला। परिसर के अंदर ठाम पंचायत का रिकॉर्ड रखा हुआ था और कई महत्वपूर्ण शासकीय दस्तावेज खुले में असुरक्षित पड़े थे। साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाएं भी नहीं थीं। सचिव ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं होगा। लापरवाही बरतने वाले रैन बसेरा संचालक का लाइसेंस निरस्त करने के लिए सक्षम स्तर पर पत्र भेजने के आदेश दिए। इसके बाद सचिव ने उपखंड अधिकारी संजीव कुमार वर्मा, पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता विजयपाल और बार संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कोटकासिम में बन रहे नवीन न्यायालय परिसर की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में तय हुआ कि नए परिसर में एडवोकेट चैम्बर, दूर से आने वाले पक्षकारों के लिए लिटिगेंट शेड, पार्किंग, पेयजल और बिजली की पुख्ता व्यवस्था की जाएगी। उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार भूमि और नक्शों का परीक्षण कर प्रस्ताव उच्च स्तर पर भेजने के निर्देश दिए गए। अधिवक्ताओं से संवाद के दौरान पेयजल, बैठने की व्यवस्था और अन्य आधारभूत समस्याओं पर भी चर्चा हुई। इस पर सचिव ने अधिकारियों को समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए कहा। बैठक में आगामी 12 सितंबर 2026 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। सचिव अजीत कुडी ने अधिकारियों और अधिवक्ताओं से अपील की कि राजीनामे योग्य मामलों को चिन्हित कर अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से कराया जाए, ताकि आमजन को त्वरित और कम खर्च में न्याय मिले। बाद में सचिव ने सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट तमन्ना कौशिक के

युवा भुनेश शर्मा के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

पावटा। जयपुर देहात उत्तर भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश शर्मा के सुपुत्र भुनेश शर्मा का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। युवा अवस्था में हुए उनके असामयिक निधन की खबर से पावटा सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। निधन की सूचना मिलते ही परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों, राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा परिचितों में गहरा दुख व्याप्त हो गया। भुनेश शर्मा के निधन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी गहरा शोक व्यक्त करते हुए भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश शर्मा एवं उनके शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस कठिन समय में दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इसी क्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा, बीकानेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जेठानंद व्यास, जयपुर लोकसभा सांसद मंजू शर्मा, पूर्व देवस्थान विभाग मंत्री एसडी शर्मा, पूर्व विधायक इन्द्राज गुर्जर, कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र भारद्वाज, पूर्व निगम पार्षद शंभू शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भुनेश शर्मा के निधन पर गहरा दुख जताया। जनप्रतिनिधियों ने कहा।

बम-बम भोले के जयकारों से गूंजा शिवालय

निवाई। कंकाली माता मन्दिर के श्री रक्तांचल महादेव मंदिर में सावन माह अष्टमी को सहस्त्रधट का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्री शक्ति पीठ सेवा संस्थान के अध्यक्ष शंकरलाल सौनी ने बताया की गुरूवार को सुबह माता रानी की आकर्षक झांकी सजाकर 21 जोड़ों से मण्डल का सामूहिक पूजन करवाया गया। इसके बाद रूद्ध अभिषेक करके कंकाली माता के दुर्गा पाठ का भव्य आयोजन हुआ। आर्चाय दधिमती दाधीच सहित कई विद्वान पण्डितों के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने भोले शंकर के जल चढ़ाकर भगवान का सहस्त्रधट किया गया। इस दौरान ओम नमः शिवायः व बम बम भोले के जयकारों से आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो गया। कंकाली माता मन्दिर के गर्भ गृह में माता जी व भगवान शंकरजी की मनमोहक झांकियां सजाई गई।

आदर्श आचार संहिता की हो कठोर पालना : गंभीर सिंह

- नगरीय निकाय चुनाव को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों हुई बैठक

निवाई। पंचायत समिति सभागार में नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 को लेकर आदर्श आचार संहिता की प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एसडीएम गंभीर सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। एसडीएम गंभीर सिंह ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए शहर में आदर्श आचार संहिता की कठोर पालना करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 को लेकर सभी अधिकारी व प्रकोष्ठ प्रभारी सजग रहे एवं अपने कार्यालयों में उपस्थित रहे। आवश्यक सूचाना व आपातकालीन स्थिति में अद्यौहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें। उन्होंने मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करने, संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की जानकारी एवं रोशनी की उपलब्धता जानने एवं व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर आम मतदाता के लिए जागरूक एवं भयमुक्त माहौल तैयार करना है। जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, भयमुक्त, निष्पक्ष, निर्भिक एवं सुव्यवस्थित मतदान सुनिश्चित किया जा सकें। उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पुलिस अधिकारियों को अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को पूरी तरह चाक चौबंद रखने, रात्रि गश्त बढाने, मादक पदार्थ व अवैध शराब माफियों पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने, मतदाताओं को डराने धमकाने वालो पर विशेष निगाह रखने के निर्देश दिए।

माण्डकलां धर्मशाला का शिलान्यास 30 को

निवाई। अखिल भारतीय रैगर महासभा के तत्वावधान में प्रमुख शिक्षाविद एवं संरक्षक भंवरलाल देवतवाल की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल की मौजूदगी में बैठक आयोजित हुई। जिसमें माण्डकलां धर्मशाला का शिलान्यास समारोह की तैयारियों सहित कई महत्पूर्ण मुददों पर चर्चा। जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश धवलपुरिया ने बताया कि बैठक में माण्डकला तहसील नगरफोर्ट का धार्मिक स्थान हैं। जहां लम्बे समय से समाज की धर्मशाला निर्माण करवाने की मांग रही हैं। बैठक में सबकी सहमति से धर्मशाला के निर्माण कार्य को लेकर प्रस्तावित नक्से का अनुमोदन किया गया एवं धर्मशाला का 30 अगस्त को शिलान्यास करवाने का निर्णय लिया गया। जिसको लेकर अधिक आर्थिक सहयोग करने वालें भामाशाहों से संपर्क करने पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल ने बताया कि 5100 या उससे अधिक राशि का आर्थिक सहयोग करने वालें भामाशाहों के नाम का शिलालेख धर्मशाला पर लगाया जाएगा। इच्छुक भामाशाह अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में कमरे की लागत वहन करके धर्मशाला के कमरों पर अपने परिजनों के नामों का शिलालेख लगवा सकते हैं। इस दौरान धर्मशाला निर्माण समिति अध्यक्ष हरिनारायण चोमिया ने दीवार निर्माण का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए 1 लाख 36 हजार 800 रूपए की कुल राशि खर्च होना बताया। जिसका सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। बैठक में रैगर अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा ने सभी कर्मचारियों को संगठन से जुडने एवं धर्मशाला में सहयोग करने का आ ान किया। सभापति ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए धर्मशाला निर्माण में यथाशक्ति आर्थिक सहयोग करने का आ ान किया। बैठक में नगरफोर्ट से चिरंजी लाल, अशोक कुमार, सुनील इंदौरिया, नानेर से ओमप्रकाश वर्मा, फुलेता से शंकरलाल बांसींवाल एवं पूरण मंडोलिया, मालपुरा से त्रिलोकचंद सांटीवाल, मालीपुरा से प्रभुलाल मौर्य, बनेठा से कल्लू लाल चोमियाँ, दूनी से अर्जुन थलहेटिया एवं अमित, निवाई से महेन्द्र मंडरावलिया, ताराचंद मंडरावलिया, धुंआ से शंकरलाल सेवलिया, लाम्बा से मदन लाल, पलाई से मदन लाल, लादूलाल, किशनलाल, रामस्वरूप, सत्यनारायण, बालापुरा से शिवपाल, प्रकाश, रामप्रकाश, मोहन लाल एवं बालून्दा से नैनु लाल व कैलाश चन्द सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

भाजपा नगर मण्डल चौमूं की महत्वपूर्ण बैठक आज

चौमूं / कालाडेरा । आगामी नगर निकाय चुनाव -2026 की तैयारियों को सुदृढ़ करने और संगठनात्मक रणनीति तय करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल चौमूं की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को दिनांक 21 अगस्त, 2026 को सायं 5.00 बजे रेनवाल रोड स्थित रजवाड़ा गार्डन में आयोजित होगी। बैठक में सुमन शर्मा चुनाव प्रभारी, नगर परिषद चौमूं , जितेन्द्र शर्मा जिलाध्यक्ष, जयपुर जिला देहात उत्तर, रामलाल शर्मा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक बैठक में कार्यकर्ताओं को चुनावो की रणनीति और मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। आगामी निकाय चुनावों में पार्टी का परचम लहराने और बूथ स्तर तक रणनीति को मजबूत करने के लिए इस बैठक में संयोजक, सह-संयोजक, प्रभारी, सह-प्रभारी, मण्डल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र प्रमुख, संचालन समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधिगण तथा समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

जुआ खेलने के आरोप में तीन गिरफ्तार

निवाई। सदर थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर ताश पत्ती पर जुआ खेलने के आरोप में तीन जनों को गिरफ्तार किया है। जिनसे ताश पत्ती सहित 6 हजार 350 रूपए जब्त किए है। थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि गांव मूण्डिया में सार्वजनिक स्थान पर ताश पत्ती पर जुआ खेल रहे।

विराटनगर, पावटा, भाबरू में चोरों की धमाचौकड़ी

- लगातार चोरी की घटनाओं से दहशत में ग्रामीण, पुलिस गश्त पर उठ रहे सवाल
- चोर मकान के पीछे स्थित कमरे का जंगला तोड़कर अंदर दाखिल हुए।

पावटा। विराटनगर, पावटा और भाबरू थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं ने आमजन की चिंता बढ़ा दी है। आए दिन सामने आ रही चोरी और चोरी के प्रयास की घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल है। रात होते ही चोर सक्रिय होने की आशंका के चलते लोग अपने घर, दुकान और वाहनों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

पिछले दिनों क्षेत्र में प्रागपुरा थाना क्षेत्र के कल्याणपुरा क्षेत्र में एक ही रात में चार-पांच मकानों में चोरों ने सेंध लगाकर लाखों रुपये की नकदी और आभूषण चोरी कर लिए। चोरों ने सुनसान और बंद मकानों को निशाना बनाया। वही विराटनगर थाना क्षेत्र के श्यामपुरा निवासी हरफूल रातावाल ने मामला दर्ज करवाया था कि अज्ञात चोर मकान के पीछे स्थित कमरे का जंगला तोड़कर अंदर दाखिल हुए। इसके बाद चोरों ने कमरे की अंदर से कुंडी लगा दी और अलमारी व बेड में रखे सोने-चांदी के आभूषण, नकदी सहित अन्य कीमती सामान समेटकर फरार हो गए। भाबरु थाना क्षेत्र के बागावास अहिरान में एक्सीलेंट लाइब्रेरी से एसी का कंप्रेसर चोरी, प्रागपुरा थाना क्षेत्र के उपजिला अस्पताल पावटा परिसर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर से पीतल की घंटियां चोरी सहित पूर्व में कई स्थानों पर चोरों की गतिविधियां सामने आने के बाद ग्रामीणों में पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। कहीं मकानों को निशाना बनाया जा रहा है तो कहीं खेतों और सुनसान स्थानों पर खड़े वाहनों को चोर निशाना बना रहे हैं। कई मामलों में चोर वारदात को अंजाम देने में सफल रहे, जबकि कुछ जगह लोगों की जागरूकता के चलते चोरी की कोशिश नाकाम हुई। ग्रामीणों का कहना है कि आबादी क्षेत्र के साथ-साथ गांवों और मुख्य मार्गों पर रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाई जानी चाहिए। संदिग्ध लोगों और वाहनों की नियमित जांच हो तथा चोरी की पुरानी वारदातों का जल्द खुलासा किया जाए। लगातार घटनाओं के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर चोरों में पुलिस का कितना खौफ रह गया है? यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में चोरी की घटनाएं और बढ़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। विराटनगर, पावटा और भाबरू थाना क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारियों से मांग की है कि चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित कर संदिग्ध गिरोहों का पता लगाया जाए, सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएं और रात्रिकालीन गश्त को प्रभावी बनाया जाए। ग्रामीणों की मांग है कि पुलिस केवल वारदात के बाद जांच तक सीमित न रहे, बल्कि चोरों की गतिविधियों पर पहले से शिकंजा कसकर क्षेत्र में सुरक्षा का भरोसा कायम करे।

भाजपा प्रदेश महामंत्री ने ली संगठन की बैठक

टोंक। नगर निकाय चुनाव को लेकर जिला बीजेपी कार्यालय में पार्टी की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई ।

टोंक। नगर निकाय चुनाव को लेकर जिला बीजेपी कार्यालय में पार्टी की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें भाजपा प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल ने कार्यकर्ताओं को पूरी तैयारी के साथ जुटने का आव्हान किया। बैठक में जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने भाजपा प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल को साफा पहनाकर उनका स्वागत किया।

बैठक में प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल ने कहा कि निकाय चुनाव में हर कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ पूरी ऊर्जा से चुनावी तैयारियों में जुटें और केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार की ओर से किए जा रहे विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर आमजन के बीच जाएं। भाजपा प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल ने कहा- संगठन को और अधिक मजबूत बनाने और हर वार्ड में प्रभावी जनसंपर्क अभियान चलाएं। घर घर जाकर लोगों को भाजपा सरकार की उपलब्धियों को लेकर चर्चा करें और उनका फीडबैक लें।

इस दौरान जिलाध्यक्ष चौहान ने कहा कि भाजपा संगठन आगामी निकाय चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है, पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरेगा। कार्यकर्ताओं की मेहनत, संगठन की मजबूत संरचना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में किए जा रहे विकास कार्यों के आधार पर भाजपा जनता के बीच पहुंचेगी। चौहान ने कहा कि निकाय चुनाव में पार्टी की विजय के लिए प्रत्येक मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से जनसंपर्क करें, स्थानीय समस्याओं को समझें तथा जनता की अपेक्षाओं और सुझावों को संगठन तक पहुंचाएं। पार्टी पदाधिकारियों ने आगामी निकाय चुनाव में भाजपा को मजबूत स्थिति में पहुंचाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला प्रभारी रामानंद गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता, राजेन्द्र पराणा, सतीश चंदेल, गणेश माहुर, शंकर लाल ठाड़ा, पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, सरोज बंसल, माधोराम चौधरी, प्रभु बाडोलिया, संतकुमार जैन, शैलेन्द्र चौधरी, राजेन्द्र राणावत, प्रधान काबरा, बीना छामुनिया आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शहीद देवालाल गुर्जर स्कूल में पौधारोपण

निवाई। शहीद देवालाल गुर्जर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जौंला में कार्यरत शिक्षक के प्रमोशन को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसके दौरान विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य काशीपुर नरेन्द्र कुमार सौगानी, प्रधानाचार्य लक्ष्मणलाल मीणा, प्रधानाचार्य मेहंदवास बद्रीलाल जाट, प्रधानाचार्य पन्नालाल बैरवा, प्रधानाचार्य मौहम्मद ईरफान खां, व्याख्याता लालाराम मीणा, व्याख्याता रजनी बंशीवाल, भगवत सिंह, नव प्रधानाचार्य सैयद मूशीर अहमद को सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी अतिथियों ने एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत अशोका का पौधा लगाकर पौधारोपण किया। इस अवसर पर व्याख्याता हनुमान प्रसाद बैरवा, दयाराम बैरवा, सीमा गोयल, बद्रीलाल जाट, मौहम्मद रीजवान खां, मंजू अग्रवाल, राजपाल यादव, सुरेश गुर्जर, रामप्रसाद गुर्जर, रामस्वरूप रैगर, सिंटू चौधरी, हर्षित शर्मा, फरहाना बी, यास्मीन बानो, श्योजीलाल जाट, अंशुमान सिंह व मनोज महावर सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

खोया पाया

आवास संख्या 5/367 मानसरोवर जयपुर का आवंटन पत्र, कब्जा पत्र और अदेय प्रमाण पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करे। इन्द्रजीत मो. 9610571190

नाम परिवर्तन

मैं, चेतना देवी मेरे शैक्षिणक दस्तावेजों में मेरा नाम चेतना बेदी अंकित है, जबकि आधार कार्ड में चेतना देवी दर्ज है। विवाह के पश्चात मैंने अपना नाम चेतना बेदी से चेतना देवी कर लिया है। दोनों नाम मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे चेतना देवी के नाम से जाना जाए।

मैं मानसी सेजवानी पत्नी श्री यश सेजवानी निवासी 523 ए, सिन्धी कॉलोनी, जवाहर नगर, जयपुर। मैंने अपना नाम करमानी मानसी दीपककुमार (KARMANI MANSI DEEPAKKUMAR) से बदलकर मानसी सेजवानी (MANSI SEJWANI) रख लिया है। भविष्य में मुझे मानसी सेजवानी (MANSI SEJWANI) के नाम से जाना जाये।

मैं Hubb Lal सत्यापित करता हूं कि मेरी पीएनबी मेटलाइफ पॉलिसी 21972996 में मेरा नाम Hubba Lal है जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम Hubb Lal है। अतः भविष्य में मुझे Hubb Lal S/o Ummed Singh के नाम से जाना व पहचाना जावें।

तीये की बैठक

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माताजी **श्रीमती तुलसी देवी** का स्वर्गवास दिनांक 19.08.2026 को हो गया। तीये की बैठक दिनांक 21.08.2026 (शुक्रवार) को सायं 5:00 से 6:00 बजे तक एमपीएस स्कूल तिलक नगर, लाहोटी हॉल, जयपुर पर होगी।

शोकाकुलः स्व. रामचन्द्र- पुष्पा, मदन-सन्तोष, राजेन्द्र- अम्बिका (पुत्र-पुत्रवधु), मदन- सरला, ओमप्रकाश- सुधा, कान्ताप्रसाद- सुलोचना (पुत्री-दामाद), सुशील- ममता, अंकुर वर्षा, कृष्णकान्त-कृष्णा, अविनाश- मिताली (पौत्र-पौत्रवधु), सुनीता-प्रवीण, ज्योति-पवन, कुसुम-गजानन्द, सविता-मनीष, रीता-राकेश, जया-सौरभ (पौत्री-दामाद), अभिषेक (पौत्र), दर्श, घनिश (प्रपौत्र), ख्याती, देवांशी (प्रपौत्री)

नम्बर मिलाइए 8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य गौरी शंकर कुमावत पुत्र श्री बद्रीलाल कुमावत, पता- ए-199ई, जगदम्बा नगर-ए, हीरापुरा पावर हाउस के पास, जयपुर द्वारा ग्राम पीथावास, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर में स्थित आराजी खसरा नम्बर 600, 696/600 की भूमि खरीदना तय किया है। उक्त खसरा नम्बर के सम्बन्ध में स्वामित्व, हक सम्बन्धी कोई उज्ज आपत्ति है तो 7 दिवस में मय सबूत पेश करे, बाद की कोई उज्ज आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
जयपुर (राकेश यादव) एडवोकेट
दिनांकः 20/08/2026 मो. 9414254160

आम सूचना सर्वसाधारण को विदित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्या श्रीमती नन्छी देवी पत्नी स्व0 श्री मालीराम, उम्र 64 वर्ष निवासी-प्लाट नम्बर-223, रामखोल, फतेहराम का ठीबा, ब्रहमपुरी, जयपुर-राजस्थान जो कि वरिष्ठ विधवा महिला है उनका पुत्र नरेन्द्र योगी व उनकी पुत्रवधु श्रीमती आंकाक्षा योगी मेरी अभिभाष्या के कहने में नही है, उनके साथ आये दिन गाली गलौच, मारपीट करते है, ना ही उनको खाना देते है जिससे व्यथित होकर मेरी अभिभाष्या के निर्देशानुसार सूचित करता हूँ कि मेरी अभिभाष्या अपनी चल व अचल सम्पति जो वर्तमान में है व भविष्य में होगी से अपने पुत्र नरेन्द्र योगी व उनकी पुत्रवधु श्रीमती आंकाक्षा योगी को आज से बेदखल करती है तथा इनके किसी भी कृत्य के लिये मेरी अभिभाष्या किसी भी प्रकार के जिम्मेदार नही होगी।
जयपुर अमित कुमार वर्मा, एडवोकेट
दिनांक :20/8/2026 मो.-8947065470

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन
280 20/7/26 (आदेश 5 के नियम 1 और 5)
समक्ष अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश (उत्तर), जयपुर महानगर, द्वितीय, जयपुर
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया विरूद्ध **विशन सिंह राठौड़ एवं अन्य**
वाद बाबत वसूली 1,65,131.00/- रूपये वाद संख्या 148 सन् 2022 पेशी- 14/10/26
बनाम 1. विशन सिंह राठौड़ पुत्र श्री माधो सिंह राठौड़, निवासी:-मकान संख्या सी-353, मस्जिद वाली गली, मुरलीपुरा स्कीम, मुरलीपुरा, सीकर रोड, जयपुर-302039
2. श्रीमती गायत्री देवी पत्नि विशन सिंह राठौड़, निवासी:- मकान संख्या सी-353,मस्जिद वाली गली, मुरलीपुरा स्कीम, मुरलीपुरा, सीकर रोड, जयपुर-302039 एवं केयर ऑफ आरोही स्कूल, ई-205, बैंक कॉलोनी, मुरलीपुरा, जयपुर-302039
वादी ने आपके विरूद्ध वसूली के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 14 माह 10 सन् 2026 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई ओर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद तारीख 20 माह 07 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तर जयपुर महानगर द्वितीय
सील

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन
281 20/7/26 (आदेश 5 के नियम 1 और 5)
समक्ष अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश (उत्तर), जयपुर महानगर, द्वितीय, जयपुर
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया विरूद्ध **शिव शंकर अग्रवाल एवं अन्य**
वाद बाबत वसूली 1,05,038.00/- रूपये वाद संख्या 178 सन् 2022 पेशी- 14/10/26
बनाम 1. शिव शंकर अग्रवाल पुत्र श्री गुलजारी लाल अग्रवाल निवासी-मकान संख्या 19-बी-ए, गोवर्धन बाड़ी, कुमावत कॉलोनी, प्रेम नगर, झोटवाड़ा, जयपुर-302012 एवं मकान संख्या 1-बी-18, राधा निकुंज, गोवर्धन बाड़ी, कुमावत कॉलोनी, प्रेम नगर, झोटवाड़ा, जयपुर-302012 एवं केयर ऑफ जय श्री फैशन्स, 202, खातीपुरा रोड़, झोटवाड़ा, जयपुर एवं मकान संख्या सी-35, कुमावत कॉलोनी, झोटवाड़ा, जयपुर -302012
2. श्याम सुन्दर बिन्दल श्री गुलजारी लाल अग्रवाल निवासी- मकान संख्या ई-347, ई-ब्लॉक, वैशाली नगर, जयपुर-302021 एवं बी-2, जगदम्बा टॉवर, वैशाली नगर, जयपुर -302021
वादी ने आपके विरूद्ध वसूली के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 14 माह 10 सन् 2026 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद तारीख 20 माह 07 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तर जयपुर महानगर द्वितीय
सील

आम सूचना
मेरी अभिभाष्या श्रीमति अनिता सोनी पत्नी स्वर्गीय श्री धर्मदास निवासी ए-123, नारायण विहार, जयपुर का पुत्र दीपक सोनी, पुत्रवधु दीपा मेरी अभिभाष्या के कहने में नहीं है एवं अलग रहते है, दीपा लडाई झगडा करती है। मेरी अभिभाष्या द्वारा दोनों को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने समस्त रिश्ते, सम्बन्ध समाप्त कर लिए है। इनसे जो भी कोई संव्यवहार करेगा वह स्वयं उत्तरदायी होगा। (एडवोकेट योगेश अग्रवाल),
राजस्थान हाईकोर्ट, मो. 9351450501

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक :- 3085 दिनांक :- 12/08/2028
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना मे आवास संख्या 67/200 (HIG), (एरिया 189.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती शान्ति माथुर पत्नी स्व. श्री ओम प्रकाश माथुर एवं श्री विरेन्द्र माथुर पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश माथुर को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 2172 दिनांक 17.04.2004 को जारी किया गया। श्रीमती शान्ति माथुर एवं श्री विरेन्द्र माथुर के पक्ष मे उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 03.09.2014 को उप पंजीयक चतुर्थ, जयपुर के यहाँ पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती शान्ति मा